# 204 (New Syllabus)

**II**

**Total No. of Questions – 16**
**Total No. of Printed Pages – 4**

Regd. No. | | | | | | | | | | |

## Part – II
## HINDI, Paper – II
### (Second Language)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

सूचनाएँ : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

### खण्ड – 'क'

(60 अंक)

I. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : 1 × 8 = 8

एक भरोसो ..............................................
.............................................. तुलसीदास ।।

अथवा

अंग अंग .............................................. ।
.............................................. गेह ।।

II. किसी **एक** कविता का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1 × 6 = 6

(1) ऊर्मिला का विरह गान
(2) कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।

III. किसी **एक** पाठ का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1 × 6 = 6

(1) आलस्य और दृढ़ता
(2) सोना हिरनी

IV. किसी **एक** एकांकी का सारांश लिखिए : 1 × 6 = 6

(1) महाभारत की एक साँझ
(2) रीढ़ की हड्डी

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) अमर्त्य वीर-पुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य-पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो ।

(2) सफल हो सहज हो तुम्हारा त्याग,
नहीं निष्फल मेरा अनुराग,
सिद्धि है स्वयं साधन-भाग,
सुधा क्या, क्षुधा न जो होती ।

(3) असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।

(4) जब किसी जाति का अहं चोट खाता है,
पावक प्रचंड होकर बाहर आता है ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) उसकी पत्नी जो पाँच साल से विधवा की भाँति रह रही है, उसके पहुँचने पर काम-धाम में बहुत व्यस्त है; प्रेम-संभाषण के लिए तनिक अवकाश नहीं निकाल पाती ।

(2) आप अगर बुरा न मानें तो मैं आपके हिस्से में से दस ऊँट ले लूँ । आप तो जानते ही हैं कि मेरे जैसे सांसारिक लोगों के लिए धन का ही महत्त्व होता है ।

(3) डाकू लोग यह सोच रहे थे कि शायद इस बार पीटने में कमी हो गई, नहीं तो नंबर जरूर बता देता ।

(4) यह देहाती लक्ष्मी किन-किन रास्तों से भागती है, सो देखो । उन रास्तों को बंद कर दो ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) सिपाही की पत्नी का क्या हाल है ?

(2) हिरन को किन-किन नामों से पुकारते थे ?

(3) फ़कीर ने कौन सी शर्त रखी ?

(4) डाकुओं के सरदार ने क्या कहा ?

VIII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) जल में छिपे बैठे दुर्योधन को युधिष्ठिर ने कैसे पुकारा ?

(2) रीता को फूल तोड़ते समय क्या हुआ ?

(3) शर्मा के अनुसार डॉक्टर साहब क्या जानना चाहेंगे ?

(4) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा के विचारों पर प्रकाश डालिए ।

IX. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) रामचरितमानस की भाषा क्या थी ?

(2) 'हिमाद्रि से' कविता के कवि कौन हैं ?

(3) बिहारी के ग्रंथ का नाम क्या था ?

(4) किसकी मेहनत बेकार नहीं होती ?

(5) दिनकरजी को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

X. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) 'अपना-पराया' कहानी के कहानीकार कौन हैं ?
(2) लोगों को किस बात का ध्यान बचपन से ही रखना चाहिए ?
(3) पशु जगत में निरीह और सुंदर पशु कौन है ?
(4) लकड़ी की डिबिया में क्या रखा हुआ था ?
(5) तिजोरी किस पेड़ के नीचे है ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

XI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

भारत एक प्रजातांत्रिक देश है । इस विशाल भारत में 1652 भाषाएँ बोली जाती हैं । भारत की मुख्य भाषा हिन्दी है । हिन्दी सभी देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ती है । हिन्दी मीठी तथा जनमानस की भाषा है । यह एक वैज्ञानिक भाषा भी है । इसमें जो बोला जाता है वही लिखा जाता है । हिन्दी भारत की राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा है । हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में 14 सितम्बर, 1949 को स्वीकार किया गया । इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के संबंध में व्यवस्था की गई । इसकी स्मृति को ताजा रखने के लिए या स्मृति के रूप में 14 सितम्बर का दिन हर साल 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है । धारा 341 (1) के अनुसार भारतीय संघ की भाषा 'हिन्दी' एवं लिपि 'देवनागरी' है और संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप, भारतीय अंकों का रूप अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा । भारतीय संविधान की धारा 341 के अनुसार 14 सितम्बर, 1950 को राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को घोषित किया गया । भारत में सैकड़ों भाषाएँ बोले जाने पर भी जिनमें से 15 भाषाओं को संविधान में राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दी गई है जो भारत की करेंसी या मुद्रा पर हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा 15 भाषाओं का प्रयोग होता है ।

प्रश्न :

(1) भारत की राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा क्या थी ?
(2) हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया ?
(3) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?
(4) भारत की करेंसी या मुद्रा पर कितनी भाषाओं का प्रयोग होता है ?
(5) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

XII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 5× 1 = 5

(1) रजनीश (2) महेश्वर (3) अत्युत्तम
(4) अजंत (5) आच्छादन (6) जगदानंद
(7) मनोहर (8) नमस्कार (9) दुरात्मा
(10) पुनर्जन्म

XIII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों के समास के नाम लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) यथाशक्ति (2) कानों-कान (3) रसोईघर
(4) कवि श्रेष्ठ (5) वायुवेग (6) गुरुदेव
(7) दशानन (8) दाल-रोटी (9) हलधर
(10) राजा-रंक

XIV. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) What is this ?
(2) Rama killed Ravana.
(3) Peacock is beautiful bird.
(4) The pen is on the table.
(5) Ramakanth is a brave boy.
(6) What is your name ?
(7) Amaravati is the capital of Andhra Pradesh.
(8) Rakesh is playing in the play ground.
(9) Respect your teachers.
(10) Cow gives milk.

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में से पाँच वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) मैं स्कूल जाता है ।
(2) श्रीदेवी पाठ पढ़ता है ।
(3) धनराज ने चिट्ठी लिखा ।
(4) अध्यापक जी ने बोले ।
(5) मैं मेरा काम करता हूँ ।
(6) मल्लेश्वरी गाना चाहिए ।
(7) वह गुंटूर जाना है ।
(8) दशरथ की तीन रानियाँ थीं ।
(9) जेब पर रूपये हैं ।
(10) अध्यापक आते ही विद्यार्थी चले गये ।

XV. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए : $1 \times 5 = 5$

अहिंसा परम-धर्म है और हिंसा आपद्-धर्म । मनुष्य बराबर अहिंसा की ओर चलना चाहता है, किन्तु परिस्थितियाँ उससे हिंसा कराती हैं, अर्थात् परम् धर्म की रक्षा के लिए आदमी बराबर आपद्-धर्म से काम लेता रहा है । भारत अपनी सेनाओं को विघटित कर दे, तब भी उसका अपमान उससे अधिक होनेवाला नहीं, जितना नेफा में हुआ । किन्तु परम-धर्म पर टिकने का सामर्थ्य भारत में नहीं है, तो आपद्-धर्म पर उसे आना ही चाहिए । व्यवहारतः आपद्-धर्म का विरोधी नहीं, उसका रक्षक है ।

XVI. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों के वाच्य बदलिए : $5 \times 1 = 5$

(1) राम ने रोटी खाई ।
(2) वह पत्र लिखता है ।
(3) माधुरी ने सिनेमा देखा ।
(4) मैं नहीं चल सकता ।
(5) प्रेमचंद उपन्यास लिख रहा है ।
(6) मैं प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ ।
(7) महेश से पुस्तक पढ़ी जाती है ।
(8) मोनिका गीत गाती है ।
(9) मैंने किताब पढ़ी ।
(10) हम फिल्म देखेंगे ।